प्रादेशिक समाचार
15.03.2026 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा – आदिवासी पहनावे, व्यंजन और अन्य पारंपरिक उत्पादों को प्रोत्साहित करेगी राज्य सरकार।
2. नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने चैती दुर्गा–पूजा और छठ से पहले सभी घाटों की सफाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश।
3. पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम समेत पांच राज्यों में चुनाव तारीखों की घोषणा, चार मई को होगी मतगणना
4. खेती में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के लिए झारखंड समेत देश भर के 900 संस्थानों को जोड़ेगा कृषि अनुसंधान परिषद।
5. रांची सहित राज्य के कई जिलों में मौसम बदलने से मिली राहत, 19 मार्च तक बारिश–आंधी और गर्जन की संभावना.

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार आदिवासी कला और संस्कृति के साथ–साथ आदिवासी पहनावे को भी प्रोत्साहित करेगी। इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी ज्वेलरी, व्यंजन और अन्य पारंपरिक उत्पादों को भी आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। श्री सोरेन आज रांची के करमटोली चौक के समीप जोहार–ग्राम शोरूम के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के शोरूम खुलने से लोगों के बीच आदिवासी पहनावे और संस्कृति के प्रति आकर्षण बढ़ेगा तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को भी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी मौजूद रहे।

******************

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज गिरिडीह शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। मंत्री ने गिरिडीह परिसदन में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस मौके पर श्री कुमार ने गिरिडीह नगर निगम के अधिकारियों को चैती दुर्गा–पूजा और छठ से पहले सभी घाटों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

******************

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल, केरल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए दो चरण में 23 और 29 अप्रैल को एवं तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक चरण में मतदान होगा। वहीं, केरल, असम और पुडुचेरी के लिए नौ अप्रैल को एक चरण में वोटिंग होगी। चारों राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना चार मई को होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि गलत सूचना और भ्रामक जानकारी फ़ैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

******************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस– पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस–एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडरों की जल्दबाजी में बुकिंग न करने और आवश्यकता पड़ने पर ही बुकिंग करने का आग्रह किया।
सुश्री सुजाता ने बताया कि राज्य सरकारों के लिए व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

******************

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आईसीएआर ने आज कहा कि वह खेती में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने के लिए 900 से अधिक संस्थानों को जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय श्जेंडर प्लेटफॉर्मश विकसित कर रहा है। संसथान के महानिदेशक एम एल जाट ने बताया कि यह मंच आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों और कृषि विश्वविद्यालयों को जोड़ेगा। इसका मकसद कृषि में महिलाओं पर केंद्रित अनुसंधान, विस्तार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है।

******************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद में गहरी आस्था रखते हैं और देश की संसदीय लोकतंत्र के नियमों और परंपराओं में उनका अटूट विश्वास रहा है। श्री बिरला ने यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें लिखे पत्र के जवाब में दिया है। अपने पत्र में श्री मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को अस्वीकार किए जाने पर सांसदों को बधाई दी है।

******************

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को गंगा नदी के किनारों और बाढ़ क्षेत्रों में अवैध निर्माणों के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने और अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने का निर्देश दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार से गंगा के पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन संबंधी अधिसूचना के कार्यान्वयन और क्रियान्वयन के लिए अब तक उठाए गए कदमों की जानकारी भी देने के लिए कहा है।

******************

एक रिपोर्ट के अनुसार, देश की लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद निश्चित अवधि वाले रोजगार में वृद्धि होगी। मानव संसाधन समाधान प्रदान करने वाली एक प्रमुख कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि नई श्रम संहितायें अधिक संगठित, अनुपालन वाले और दस्तावेजी रोजगार व्यवस्था की ओर एक निर्णायक कदम है। पिछले साल नवंबर में केंद्र सरकार ने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों की जगह चार व्यापक संहिताओं – मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा – को लागू किया था।

******************

बोकारो जिले में आज वस्तु एवं सेवा कर, जीएसटी में हो रहे बदलाव और इसको लेकर गठित ट्रिब्यूनल से संबंधित जानकारी देने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में जीएसटी से जुड़े मुद्दों और चुनौतियों पर बातचीत की गई। कोलकाता से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट गोपाल सोनिका ने कहा कि जीएसटी की प्रक्रिया अब पहले से भी काफी सरल हो चुकी है।

******************

मेदिनीनगर जिले के बैरिया चौक में आज एक गैस एजेंसी के कार्यालय में एलपीजी सिलेंडर फटने से चार कर्मचारी झुलस गए। घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया।

******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में 19 मार्च तक गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश, तेज हवा और वज्रपात की संभावना जताई है। इस स्थिति को देखते हुए खूंटी, रामगढ़, बोकारो और धनबाद समेत अन्य जिलों के लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने बताया है कि इस दौरान 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चल सकती है। इधर, राजधानी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में आज दोपहर के बाद से बदले हुए मौसम ने लोगों को तेज धूप से राहत दी। हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी होने से तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई।